**बिहार सरकार**
**कृषि विभाग,**

पत्र संख्या : 470 /उ० पटना, दिनांक 23.03.2020

प्रेषक,

**डॉ० एन० सरवण कुमार,** भा०प्र०से०,
सचिव,
कृषि विभाग, बिहार।

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी**
**सभी पुलिस अधीक्षक**
बिहार।

विषय : **आवश्यक खाद्य सामग्री जैसे सब्जी, फल, मशरूम इत्यादि के प्रवेश/आवागमन पर हो रहे कठिनाइयों के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि बिहार सरकार द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने हेतु लगाये गये प्रतिबंध के क्रम में बिहार के कई जिलों से सूचना मिल रही है कि स्थानीय पुलिस द्वारा सब्जी, फल, मशरूम इत्यादि के प्रवेश/आवागमन पर रोक लगाया जा रहा है, जबकि अत्यावश्यक खाद्य सामग्री के आवागमन पर बिहार सरकार द्वारा किसी प्रकार का प्रतिबंध नही लगाया गया है।

अतः अनुरोध है कि आवश्यक खाद्य सामग्री जैसे–फल, सब्जी, मशरूम इत्यादि के प्रवेश एवं आवागमन पर रोक नही लगाने का निदेश दिया जाए, ताकि आम लोगो तक यह सामग्री आसानी से पहुँच सके।

विश्वासभाजन

23/03/2020

**(डॉ० एन० सरवण कुमार)**
सचिव,
कृषि विभाग, बिहार।

Letter dt. 23.03.2020